भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4665

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण

4665. प्रो. सौगत रायः
श्री तंगेला उदय श्रीनिवासः
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः
श्री टी. एम. सेल्वागणपतिः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में राज्य-वार गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम हेतु ह्यूमन पेपीलोमावायरस (एचपीवी) के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत लड़कियों के लक्षित आयु समूह तथा निर्दिष्ट सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं पर टीकाकरण के लिए प्रस्तावित कवरेज का काकीनाडा शहर सहित आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा टीके की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने, टीकाकरण संबंधी झिझक को दूर करने तथा का कीनाडा सहित ग्रामीण एवं आकांक्षी जिलों में समान कवरेज सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) इस कार्यक्रम के अंतर्गत टीकों की खरीद, वितरण, जागरूकता सृजन, शीत-श्रृंखला अवसंरचना को सुदृढ़ करने तथा एचपीवी टीकों के घरेलू निर्माण के लिए स्वीकृत, जारी तथा उपयोग की गई कुल निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) टीकाकरण के पश्चात प्रतिकूल घटनाओं (एईएफआई) के निगरानी एवं प्रबंधन के लिए स्थापित रिपोर्टिंग तथा निगरानी तंत्र सहित कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित व्यवस्था का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): राष्ट्रव्यापी निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान 28 फरवरी, 2026 को सभी 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 14 वर्ष की आयु की लगभग 1.2 करोड़ पात्र लाभार्थी लड़कियों के लिए शुरू किया गया था। काकीनाडा शहर सहित आंध्र प्रदेश के लिए राज्यवार और जिलावार लक्ष्य अनुलग्नक में हैं।

(ख) और (ग): टीके की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार ने वैक्सीन अलायंस जीएवीआई से एचपीवी टीके की आपूर्ति को एक उदार सहायता के रूप में प्राप्त किया है। रेडियो जिंगल्स, पोस्टर (एईएफआई पोस्टर सहित), बैनर, भ्रम दूर करने वाली डिजिटल सामग्री और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के उपयोग जैसे सूचना एवं संचार सामग्री के माध्यम से जागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि सटीक जानकारी प्रदान की जा सके, गलत धारणाओं को दूर किया जा सके और काकीनाडा सहित ग्रामीण और आकांक्षी जिलों में समान पहुंच सुनिश्चित की जा सके। एचपीवी टीकाकरण अभियान के संचालन संबंधी दिशानिर्देश सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वितरित कर दिए गए हैं। देश के सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में चिकित्सा और पैरामेडिकल कर्मचारियों के लिए एचपीवी टीकाकरण प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है।

(घ): यह टीका आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) सहित नामित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), उप-जिला अस्पतालों (एसडीएच), जिला अस्पतालों (डीएच) और सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों (जीएमसीएच) में चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति में लगाया जाता है। देश के सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में चिकित्सा और पैरामेडिकल कर्मचारियों के लिए एचपीवी टीकाकरण पर व्यापक प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। टीकाकरण केंद्रों को टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिकूल घटनाओं (एईएफआई) के त्वरित प्रबंधन के लिए 24x7 प्रबंधन केंद्रों से जोड़ा गया है। एईएफआई घटनाओं की रिपोर्टिंग, जांच और कारण निर्धारण के लिए एक प्रणाली विद्यमान है।

अनुलग्नक

दिनांक **20.03.2026** के लिए लोक अतारांकित सभा प्रश्न संख्या **4665** के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश में **14** वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए जिलावार लक्ष्य

क्र.सं.	**जिला का नाम**	**14 वर्ष की आयु की लड़कियाँ**
1	अल्लूरी सीतारामा राजू	6,701
2	अनकापल्ली	10,755
3	अनंतपुरमु	16,449
4	अन्नमय्या	9,885
5	बापतला	7,251
6	चित्तूर	10,990
7	डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा	8,930
8	पूर्वी गोदावरी	13,964
9	एलुरु	13,502
10	गुंटूर	14,167
11	काकीनाडा	14,402
12	कृष्ण	10,699
13	कुरनूल	23,957
14	मार्कापुरम	8,621
15	नांदयाल	14,126
16	एनटीआर	14,776
17	पलनाडु	13,753
18	पार्वतीपुरम मान्यम	6,219
19	पोलावरम	2,777
20	प्रकाशम	11,814
21	श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर	16,251
22	श्री सत्य साई	11,617
23	श्रीकाकुलम	14,036
24	तिरुपति	14,455
25	विशाखापत्तनम	14,792
26	विजयनगरम	11,989
27	पश्चिम गोदावरी	11,673
28	वाईएसआर कडपा	16,826
आंध्र प्रदेश राज्य		**3,45,377**

काकीनाडा शहर में एचपीवी टीकाकरण के लिए लक्षित 14 वर्ष की लड़कियों की संख्या 2954 है।

स्रोत: राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार

******